मध्य प्रदेश शासन,
पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन

क्रमांक/1509/Commr/MGNREGS//NR-3/2013 भोपाल,दिनांक 14.2.2013

प्रति,

कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक,
महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी स्कीम–म.प्र.,
समस्त जिले (म.प्र.)

विषयः– ओला प्रभावित क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर कार्य प्रारंभ करने बाबत्।

––

दिनांक 6 फरवरी,13 को माननीय मुख्य मंत्रीजी द्वारा टीकमगढ़ जिले के प्रवास के दौरान निम्नानुसार घोषणा की गई :

"ओला प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यकतानुसार कार्य बड़े पैमाने पर शुरू किए जायेंगे ताकि मजदूरों को काम मिल सके।"

उपरोक्त के सन्दर्भ में आपसे अपेक्षा है कि जिले में मनरेगा योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2012–13 के शेष लेबर बजट का उपयोग करते हुए काम मांगनेवाले मजदूरों को व्यापक पैमाने पर कार्य उपलब्ध कराया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि विगत वर्ष के अपूर्ण कार्यों को प्राथामिकता से पूर्ण किया जाए तथा जहां आवश्यकता हो वहां उपलब्ध शेल्फ ऑफ प्रोजेक्ट से नये कार्य खोले जाएं।

जिलों में मजदूरी का भुगतान होने में अत्यधिक समय लगता है अतः बैंक/पोस्ट आफिस द्वारा शाखावार विशेष शिविर आयोजित कर भुगतान की कार्यवाही की जाए।

यह सुनिश्चित किया जाए कि जिलों में होनेवाले कार्यों का एमआईएस साथ–साथ हो ताकि भारत सरकार से आगामी किश्त प्राप्त करने में असुविधा न हो। अतः यह रणनीति बनायी जाए कि शत–प्रतिशत एमआईएस का लक्ष्य प्राप्त हो सके।

14/2/13

(अरूणा शर्मा)
अपर मुख्य सचिव,
मध्य प्रदेश शासन
पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग

पृ0क्रमांक/1510/ Commr/MGNREGS//NR-3/2013 भोपाल,दिनांक 14.2.2013

प्रतिलिपि :

संभागायुक्त(समस्त) की ओर भेजकर अनुरोध है कि आपके भ्रमण एवं मासिक बैठक के दौरान समीक्षा कर उक्त निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराएं।

अपर मुख्य सचिव,
मध्य प्रदेश शासन
पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग

D:\g drive data\PS Letter.doc